# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 10.09.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 02, मारपीट 02 तथा शेष 05 अन्य विवाद से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना पथरा बाजार पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा महिला की तलाश कर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द, परिजनों द्वारा थाना पथरा बाजार पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद थाना पथरा बाजार के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 ज्ञान प्रताप सिंह मय टीम द्वारा दिनांक 01/08/2026 को आवेदक राम लोटन पुत्र बीपत निवासी जमुनी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर के द्वारा थाने पर अपनी पत्नी सुभावती देवी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसकी जांच/तलाश के क्रम में उ0नि0 ज्ञान प्रताप सिंह मय टीम द्वारा आज दिनांक 10/09/2026 को गुमशुदा सुभावती देवी पत्नी रामलोटन निवासी जमुनी पाठक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को सकुशल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्णकर उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा थाना पथरा बाजार पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना भवानीगंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से सार्वजनिक स्थान पर अश्लीलता फैलाने के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 08.09.2026 को वाद सं0-80/2020 मु0अ0सं0-80/2019 धारा 294 भादवि0 थाना भवानीगंज में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री उदयन कुमार गौतम जे0 एम0 डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सूरज पुत्र नथई निवासी चकमारुफ थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक संदीप कुमार सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी सौरभ अग्रहरि थाना भवानीगंज का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी/साक्षात्कार किया गया तथा सभी आरक्षियों को उनके कर्तव्यों, उत्तरदायित्वों एवं पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 10.09.2026 को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान महोदय ने सभी आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व को समझाते हुए जनता के साथ शालीनता, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए। महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को फील्ड में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, जिससे जनपद में कानून व्यवस्था और पुलिस की छवि और बेहतर हो सके। इस अवसर पर प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा काउन्सलिंग कर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद को सुलझाकर परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

दिनांक 09/09/2026 को सूचना प्राप्त हुआ कि पति-पत्नी में छोटी-छोटी बातो को लेकर पारिवारिक विवाद है दोनो पक्षो को थाने पर बुलाया गया दोनो पक्ष थाने पर उपस्थित हुए दोनो को थाना स्थानीय के मिशन शक्ति टीम द्वारा काफी समझाया गया पति को हिदायत किया गया की अपने पत्नी के साथ कोई विवाद न करे दोनो पति-पत्नी आपसी सहमति से सुलह-समझौता कर एक साथ राजी खुशी अपने घर गए।

**मिशन शक्ति टीम-**

उ0नि0 विजय कुमार<br>
का0 शुभम रावत<br>
म0आ0 अनिशा सरोज<br>
म0आ0 स्नेहा मिश्रा

# प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10.09.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो के तहत थानाक्षेत्र मोहाना के मोहाना बाजार ,बर्डपुर बाजार, मधुबेनिया, पुरानी नौगढ़ आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्य

02.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना उसका बाजार की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ग्राम देजौली बालक/बालिकाओं को गुड टच, बैड टच महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना उसका बाजार के नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ग्राम देजौली बालक/बालिकाओं को गुड टच, बैड टच महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया। तथा सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय
02.म0का0 कालिंदी यादव
03.म0का0 खुशबू सिंह
04.प्रिया सिंह

# <u>प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम 'खानतारा' में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 20.09.2026 थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के ग्राम 'खानतारा' में महिलाओं/बालिकाओं को बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 श्री नेबू लाल

2.कां0 आनंद कुमार

3.कां0कयूम अंसारी

4.म0कां0 बरखा रावत

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं मिशन मजनू के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बरगदवा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 10/09/2026 संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा के नेतृत्व मे थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा-**

1.उ0नि0 सुरेंद्र प्रसाद यादव
2.का0 मनीष वर्मा
3.म0आ0 बबिता सिंह
4.म0आ0 श्वेता सोनी

# प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के उदय पब्लिक स्कूल बिजवार बड़ई की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10.09.2026 को श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के कुशल नेतृत्व मे थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के उदय पब्लिक स्कूल बिजवार बड़ई की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम का विवरण-**

1.उ0 नि0 विरेन्द्र कुमार
2.हे0का0 अवधेश कुमार
4.म0का0 रेनू
5.म0का0 नीशी पांडेय
6.का0 मनु कुमार साह

# प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय बांसी की छात्राओं को नये कानून, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10.09.2026 को महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी प्रभारी निरीक्षक बांसी के कुशल नेतृत्व मे थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय बांसी की छात्राओं को नये कानून, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना बांसी**

1.उ0 नि0 बलराम धर दूबे
2.हे0का0 विनोद तिवारी
3.का0 रितेश
4.म0का0 अंजू वर्मा
5.म0का0 कीर्ति सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनकटा में महिला छात्रावास की छात्राओं से मिलकर नये कानून, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10.09.2026 को रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक खेसरहा के कुशल नेतृत्व मे थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बनकटा में महिला छात्रावास की छात्राओं से मिलकर नये कानून, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जागरुक किया गया व मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**महिला मिशन थाना खेसरहा टीम**

1.उ0नि0 मोहन सिंह
2.हे0का0 शैलेश कुमार
3.का0 चन्दन सिंह
4.म0आ0 रम्भा यादव
5.रि0म0आ0 गुंजन सेन

# प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**शिकायतकर्ता के साथ हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि 17,965/- रुपये को MRM पोर्टल के माध्यम से थाना मोहाना साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व श्री विश्वजीत शौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष श्री जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक-24.06.2026 को आवेदक सचिन वर्मा पुत्र तीर्थराज वर्मा निवासी मीरापुर, शिवपतिनगर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा पैसे भेजते समय गलती से दूसरे के अकाउंट में चले जाने के संबंध में NCRP पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या- 23106260120477 दर्ज किया गया था। जिस पर थाना मोहाना साइबर सेल टीम , साइबर सेल सिद्धार्थनगर व बैंक के समन्वय से आवेदक सचिन वर्मा उपरोक्त के फ्राड धनराशि 17,965/- रुपये को MRM Portal के माध्यम से पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण--**

1.श्री जितेन्द्र सिंह (थानाध्यक्ष थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर)
2.साइबर सेल प्रभारी सर्वेश यादव
3.उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रसाद यादव
4.का0 धीरज कुमार खरवार
5.म0का0 रोमी तिवारी

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा 05 पेटी टाइल्स व 01अदद मोटरसाइकिल के साथ 01अभियुक्त को बरामद किया गया तथा अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में आज दिनांक 10.09.2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस द्वारा 05 पेटी टाइल्स व 01अदद मोटरसाइकिल के साथ 01अभियुक्त को चेकिंग के दौरान बरामद किया गया बरामद सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

1. संजय पुत्र छोटेलाल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम-चिउरहिया,थाना-लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम -**

1.उ0नि0 श्री अशोक कुमार चौकी प्रभारी ककरहवा, थाना-मोहाना जनपद-सिद्धार्थनगर

2.HC उमेश कुमार थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर

3. HC आत्मानन्द यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**शिकायतकर्ता के साथ हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि 39908/- रुपया को थाना खेसरहा साईबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में कराया गया वापस।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी /लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व श्री शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक-08.09.2026 को आवेदक प्रकाश पुत्र जयकरन निवासी बेलवालगूनही थाना खेसरहा, जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा NCRP पोर्टल के माध्यम से शिकायत संख्या-33109260236672 के माध्यम से दिनांक 08/09/2026 को शिकायत किया गया था कि जिसमें UPI के जरिए 39908/- रुपया का फ्रॉड हो गया था। जिस पर थाना खेसरहा की साइबर सेल टीम एवं बैंक के समन्वय से आवेदक प्रकाश उपरोक्त को फ्राड धनराशि का 39908/- रुपये दिनांक 10.09.2026 को उनके खाते में वापस कराया गया।

**सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण**

1.श्री रामकृष्ण मिश्र (प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर)

2.साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव

3.का0 अभिषेक मौर्य

4.म0का0 रम्भा यादव

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत थानाध्यक्ष भवानीगंज द्वारा थाना परिसर में थानाक्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, जूलूस आयोजको व डीजे धारको के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी व शासन व उच्चाधिकारीगणो द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की अपील की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, श्री बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के नेतृत्व में, श्री विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा थाना स्थानीय पर त्यौहार गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के निकलने वाले संभ्रांत व्यक्ति जूलूस आयोजको व डीजे धारको के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी व शासन द्वारा जारी गाइड लाईन व उच्चाधिकारीगणो द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने की अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**“आपरेशन कन्विक्शन” के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मिश्रौलिया पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹27,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन कन्विक्शन” के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 10.09.2026 को वाद सं0 1175/2021 मु0अ0सं0 148/2021 धारा 363, 366A, 376(3) भादवि व 5/6 पाक्सों एक्ट थाना मिश्रौलिया मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार माननीय न्यायालय एएसजे/एसपील/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त ईरान पुत्र धनई निवासी गौरडीह टोला कलन्दरडीह थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹27,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अमरजीत थाना मिश्रौलिया का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र चिल्हिया के कस्बा चिल्हिया में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

आज दिनांक 10.09.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना चिल्हिया पुलिस के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र चिल्हिया के कस्बा चिल्हिया में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान पवन कुमार मौर्य थानाध्यक्ष चिल्हिया व थाना चिल्हिया के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 10.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 10.09.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, गणेश चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।